चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

**Ch. Charan Singh University, Meerut**

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/10012 दिनांक : 19.12.2025

## विज्ञप्ति

कृपया विश्वविद्यालय पत्र संख्या परीक्षा/डी0आर0/10003 दिनांक 16.12.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2025-26 में प्रविष्ट स्नातक पाठ्यक्रमों के छात्रों के परीक्षा फार्म भरने की विज्ञप्ति निर्गत की गयी थी।

उक्त के सम्बन्ध में कृपया निम्नलिखित निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

1. केवल ऐसे छात्र/छात्रा जिन्होंने परीक्षा शुल्क जमा कर दिया है, के ही परीक्षा फार्म सत्यापित किये जायें।
2. परीक्षा फार्म सत्यापित करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाये की छात्र/छात्रा परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पूर्ण रूप से अर्ह हैं एवं विश्वविद्यालय/मानक संस्था के निर्देशों के अनुरूप उपस्थिति पूर्ण की है। अनर्ह छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म किसी भी दशा में सत्यापित न किये जायें।
3. सत्यापित परीक्षा फार्म एन0आर0 के साथ विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग को प्रेषित करने आवश्यक हैं। परीक्षा फार्म की प्रिंटेड प्रति पर सम्बन्धित छात्र/छात्रा के दिनांक सहित हस्ताक्षर एवं विश्वविद्यालय परिसर के विभागाध्यक्ष/समन्वयक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के हस्ताक्षर (दिनांक सहित) के साथ ही परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में जमा किये जायें।
4. प्रिंटेड परीक्षा फार्म के साथ मूल माईग्रेशन प्रमाण पत्र (यदि आवश्यक हो) तथा अर्हता सम्बन्धी शैक्षिक अभिलेख आवश्यक रूप से संलग्न किये जायें।
5. ऐसे छात्र/छात्रा जिनकी Apar ID समर्थ पोर्टल पर दर्ज है, के ही प्रवेश पत्र निर्गत होंगे इसलिए समस्त छात्र/छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वह समर्थ पोर्टल पर Student Login के माध्यम से अपना Apar ID दर्ज करना सुनिश्चित करें।
6. परीक्षायें माह जनवरी, 2026 के प्रथम सप्ताह से आयोजित होनी प्रस्तावित हैं इसलिए निर्धारित तिथियों के भीतर परीक्षा फार्म भरना एवं सत्यापित कराना सुनिश्चित करें।

समर्थ पोर्टल से सम्बन्धित किसी भी सहायता के लिए हेल्पलाईन नम्बर 7579685826 अथवा ई मेल आई0डी0 ccsusamarthexam@ccsuniversity.ac.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि :-**

1. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
5. नोडल अधिकारी/प्रभारी समर्थ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)/समन्वयक रिजल्ट सेल/प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र को सूचनार्थ।
7. प्रभारी-अतिगोपनीय विभाग/कमेटी सैल/बी0एड0 सैल/व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
8. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
9. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
10. गार्डफाइल।

19/12/25

उप कुलसचिव (परीक्षा)